Title : Need to conduct elections of office bearers for Daman and Diu State Cooperative Bank Ltd. and Fisherman Federation in Daman and Diu-laid

श्री उमेषभाई बाबूभाई पटेल **(**दमन और दीव**) :** मैं आपका ध्यान दमन और दीव में सहकारी समितियों से संबंधित कानूनी नियमों के स्पष्ट उल्लंघन के मुद्दे की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ । मैं आपको सूचित करना चाहता हूँ कि The Daman and Diu State Co. Bank Ltd सहकारी बैंक में पदाधिकारियों के चुनाव वर्षों से नहीं हुए हैं । यह ध्यान देने योग्य है कि सोसाइटी रजिस्ट्रेशन अधिनियम, 1860 के अनुसार सहकारी समितियों में हर छह महीने में चुनाव होना अनिवार्य है । ठीक उसी तरह दीव मे स्थित fishermen federation में भी चुनाव नहीं किये गए हैं । बैंक DNH और DD की यूटी प्रशासन के नौकरशाहों के नियंत्रण में रहा है, जो बैंक की गतिविधियों को नियमानुसार नही चला रहे हैं । मैं भारत सरकार से आग्रह करूंगा कि इस मामले में हस्तक्षेप के लिए आवश्यक कदम उठाए । मैं सरकार से यह भी आग्रह करूंगा कि बैंक को यूटी प्रशासन के नौकरशाहों के नियंत्रण से मुक्त करने और जल्द से जल्द चुनाव कराने के लिए कदम उठाए ।

________